निविदा प्रपत्र की राशि रू0 590/-

# निविदा प्रपत्र

देहरादून वन प्रभाग के झांझरा रेंज के अन्तर्गत डूंगा कक्ष सं0-2 तथा लैन्सडाउन वन प्रभाग के कोटद्वार रेंज के अन्तर्गत-सुखरौ बीट में बांस बेड़ियों की खड़ी नीलामी तथा कल्चरल ऑपरेशन, साइजिंग तथा लॉग तैयार करने हेतु निविदा आमंत्रण।

निविदा स्वीकार करने की अंतिम तिथि : 18.02.2026 अपरान्ह् 3.30 बजे तक
निविदा खोले जाने की तिथि : 18.02.2026 अपरान्ह् 04.00 बजे

Uttarakhand Bamboo & Fiber Development Board


## उत्तराखण्ड बांस एवं रेशा विकास परिषद

न्यू फॉरेस्ट कॉलोनी, इन्दिरा नगर, देहरादून-248006

फोनः 0135-3501947, फैक्सः 3500236

**Email: uabamboo@gmail.com, Website: www.ubfdb.org.in**

Uttarakhand Bamboo & Fiber Development Board

# उत्तराखण्ड बांस एवं रेशा विकास परिषद्

**देहरादून वन प्रभाग के झांझरा रेंज के अन्तर्गत डूंगा कक्ष सं0–2 तथा लैन्सडाउन वन प्रभाग के कोटद्वार रेंज के अन्तर्गत–सुखरौ बीट में बांस बेड़ियों की खड़ी नीलामी तथा कल्चरल ऑपरेशन, साइजिंग तथा लॉग तैयार करने हेतु निविदा आमंत्रण।**

## निविदा के नियम व शर्ते–

उत्तराखण्ड बांस एवं रेशा विकास परिषद् द्वारा देहरादून वन प्रभाग के झांझरा रेंज के अन्तर्गत डूंगा कक्ष सं0–2 तथा लैन्सडाउन वन प्रभाग के अन्तर्गत कोटद्वार रेंज के सुखरौ बीट में *Dendrocalamus strictus* (लाठी बांस), *Bambusa nutans* (चाय बांस) तथा *Bambusa bambos* (कांटा बांस) *Bambusa balcoaa* (भलुका बांस) के बेड़ियों का कल्चरल ऑपरेशन कर इच्छुक व्यक्तियों/फर्मो से दो विभिन्न घटकों पर निविदाऐं आमंत्रित की जाती हैं, जिसमें ***1. खड़े बांसों की नीलामी 2. बांस कटाई तथा लॉक तैयार करना सम्मिलित है। निविदा के नियम व शर्ते निम्न प्रकार से हैं–***

1. निविदाऐं दिनांक 18 फरवरी 2026, अपराह्न 3:30 बजे तक पंजीकृत डाक/स्पीड पोस्ट से ही जमा की जाय। साधारण डाक अथवा दस्ती निविदाऐं मान्य नहीं होंगे।

2. विलम्ब से प्राप्त निविदाऐं स्वतः निरस्त मानी जायेगी, जिन पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

3. प्राप्त निविदाऐं दिनांक 18 फरवरी, 2026 को अपराह्न 4:00 बजे मुख्य कार्यकारी अधिकारी द्वारा गठित समिति द्वारा निविदादाताओं तथा उनके प्रतिनिधियों की उपस्थिति में खोली जायेगी।

4. यदि निविदा जमा करने तथा खोलने की तिथि को कोई राजकीय आवकाश घोषित होता है तो निविदा अगले कार्य दिवस को निर्धारित समय पर प्राप्त/खोली जायेंगी।

5. निविदा लिफाफे के बाहर जिस कार्य हेतु निविदा दी जा रही है, का नाम स्पष्ट शब्दों में उल्लेखित किया जाय।

6. निविदा में दी गई दरें स्पष्ट होनी चाहिये।

7. निविदा प्रपत्र परिषद् के मुख्यालय– न्यू फॉरेस्ट कालोनी, इन्दिरा नगर, देहरादून से या परिषद् की वेबसाईट www.ubfdb.org.in से रू0 590.00 (जी0एस0टी0 सहित) प्रति प्रपत्र को नगद/आर0टी0जी0एस0/एन0ई0एफ0टी के माध्यम से जमा कर डाउनलोड किये जा सकते हैं। निविदा प्रपत्र की फीस को आर0टी0जी0एस0/एन0ई0एफ0टी0 के माध्यम से जमा करने पर उत्तराखण्ड बांस एवं रेशा विकास परिषद् के एच0डी0एफ0सी बैंक खाता सं0 50100252734334 आई0एफ0एस0सी HDFC0001399 शाखा बल्लुर देहरादून में जमा किया जाना है।

8. निविदा में प्रतिभाग करने के लिए रू0 25000 (रू0 पच्चीस हजार) की धरोहर राशि बैंक ड्राफ्ट/आर0टी0जी0एस0/एन0ई0एफ0टी0/एफ0डी0आर के रूप में उत्तराखण्ड बांस एवं रेशा

विकास परिषद् के नाम जमा किया जाना अवश्यक है। किसी भी व्यक्ति व फर्म को धरोहर राशि जमा न करने की छूट नहीं दी जायेगी।

9. धरोहर राशि को आर0टी0जी0एस0 / एन0ई0एफ0टी0 के माध्यम से जमा करने पर उत्तराखण्ड बांस एवं रेशा विकास परिषद् के एच0डी0एफ0सी बैंक खाता सं0 50100252734334 आई0एफ0एस0सी HDFC0001399 शाखा बल्लूपुर देहरादून में जमा किया जाना है।

10. निविदादाता को बांस कल्चरल ऑपरेशन से सम्बन्धित कार्य में 2–3 साल का अनुभव होना आवश्यक है।

11. देहरादून वन प्रभाग तथा कोटद्वार वन प्रभाग के अन्तर्गत प्रस्तावित बांस कल्चरल ऑपरेशन स्थल पर लगभग 1220 बांस की बेड़ियां है, जिनकी सं0 घट–बढ़ सकती है, जिसका विवरण निम्न तालिका में है–

| क्र०सं० | कल्चरल ऑपरेशन का स्थल | बांस प्रजाति | निविदा का प्रकार | बांस बैड़ियों की सं0 | अनुमानित बांस लठ्ठों की सं0 |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | देहरादून वन प्रभाग के झांझरा रेंज के अन्तर्गत डूंगा कक्ष सं0–2। | *Dendrocalamus strictus* (लाठी बांस) *Bambusa bambos* (कांटा बांस) तथा *Bambusa nutans* (चाय बांस) | खड़ी निलामी | 1000 | 30000 |
| 2. | देहरादून वन प्रभाग के झांझरा रेंज के अन्तर्गत डूंगा कक्ष सं0–2 | *Dendrocalamus strictus* (लाठी बांस) *Bambusa bambos* (कांटा बांस) तथा *Bambusa nutans* (चाय बांस) | कटाई, छटाई, साइजिंग तथा लॉग तैयार करना। | 110 | 3300 |
| 3 | लैन्सडाउन वन प्रभाग के कोटद्वार रेंज के अन्तर्गत सुखरौ बीट | *Bambusa bambos* (कांटा बांस), *Bambusa nutans* (चाय बांस) *Bambusa balcoaa* (भलुका बांस) तथा *Dendrocalamus strictus* (लाठी बांस) | कटाई, छटाई, साइजिंग, लॉग तैयार करना तथा सी0एफ0सी0 पनियाली तक ढुलान कार्य। | 110 | 3313 |

12. निविदादाता निविदा जमा करने से पूर्व कल्चरल ऑपरेशन के क्षेत्र को भलीभांति निरीक्षण कर लें, निविदा जमा करने के बाद किसी प्रकार की शिकायत या आपत्ति की सुनावाई नहीं की जायेगी।

13. देहरादून वन प्रभाग के अन्तर्गत खड़ी अवस्था वाले बांस (1000 बेड़ियां) की निलामी के लिए एच–1 निविदादाता उल्लेखित कार्य में रूचि नहीं दिखायेगा तो उसकी धरोहर राशि जब्त कर

ली जायेगी तथा एच–2 निविदादाता को कार्य का अवसर दिया जायेगा, जिस पर एच–1 निविदादाता को किसी प्रकार की आपत्ती को स्वीकार नहीं किया जायेगा।

14. देहरादून वन प्रभाग तथा लैन्सडाउन वन प्रभाग के अन्तर्गत बांस की कटाई, छटाई, साइजिंग तथा लॉग तैयार (220 बेड़ियां) की निलामी हेतु एल–1 निविदादाता उल्लेखित कार्य में रूचि नहीं दिखायेगा तो उसकी धरोहर राशि जब्त कर ली जायेगी तथा एल–2 निविदादाता को कार्य का अवसर दिया जायेगा, जिस पर एल–1 निविदादाता को किसी प्रकार की आपत्ती को स्वीकार नहीं किया जायेगा।

15. सामान्यतः खड़े बांसों की निलामी के लिए अधिकतम तथा बांस की कटाई, छटाई, एवं साइजिंग तथा लॉक तैयार करने हेतु न्यूनतम निविदा को स्वीकार किया जाता है, परन्तु यदि यह पाया जाता है कि निविदा राशि स्वीकार करने योग्य नहीं है तो इस स्थिति में निविदा खोलने हेतु गठित समिति के पास निविदा को स्वीकार अथवा अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित होगा।

16. बांस बेड़ियों से केवल वहीं बांस कांटे जाने हैं जो 3 साल या इससे अधिक वर्ष के परिपक्व बांस हों।

17. बांस काटने तथा बांस की कटाई छटाई के उपरान्त क्षेत्र की साफ–सफाई की पूर्ण जिम्मेदारी निविदादाता की होगी।

18. बांसों का कल्चरल ऑपरेशन वन विभाग उत्तराखण्ड के नियमों एवं प्रावधानों के अधीन परिषद् के तकनीकी स्टाफ की देख–रेख में किया जायेगा।

19. कल्चरल ऑपरेशन के दौरान किसी भी वन्यजीव को क्षति/परेशान नहीं किया जायेगा, ऐसा पाये जाने पर वन्यजीव अधिनियम के तहत कार्यवाही की जायेगी, जिसके लिए निविदादाता स्वयं जिम्मेदार होगा।

20. सशर्त निविदा मान्य नहीं होंगी।

21. निविदादाता को परिषद् से कार्य आदेश प्राप्त होने के 1 सप्ताह के भीतर कार्य प्रारम्भ करना होगा तथा 1 माह के भीतर कल्चरल ऑपरेशन कार्य समाप्त करना होगा।

22. वन क्षेत्र से बांस निकासी हेतु रम्मना/परमिट उत्तराखण्ड बांस एवं रेशा विकास परिषद् द्वारा लिया जायेगा तथा इससे सम्बन्धित शुल्क का भुगतान परिषद् द्वारा स्वयं किया जायेगा।

23. निविदादाता की कोई शिकायत हो तो उसका निपटान आपसी सामंजस्य से किया जायेगा यदि किसी अनसुलझे विवाद की स्थिति होती है तो इस दशा में मुख्य कार्यकारी अधिकारी उत्तराखण्ड बांस एवं रेशा विकास परिषद् का निर्णय दोनों पक्षों को मान्य होगा।

मुख्य कार्यकारी अधिकारी

Uttarakhand Bamboo & Fiber
Development Board

# उत्तराखण्ड बांस एवं रेशा विकास परिषद्

**फोनः 0135—3501947, फैक्सः 3500236**

**Email: uabamboo@gmail.com, Website: www.ubfdb.org.in**

**देहरादून वन प्रभाग के झांझरा रेंज के अन्तर्गत डूंगा कक्ष सं0—2 तथा लैन्सडाउन वन प्रभाग के कोटद्वार रेंज के अन्तर्गत—सुखरौ बीट में बांस बेड़ियों की खड़ी नीलामी तथा कल्वरल ऑपरेशन, साइजिंग तथा लॉग तैयार करने हेतु निविदा आमंत्रण।**

## निविदा प्रारूप

| | | |
|---|---|---|
| 1 | निविदादाता का नाम | |
| 2 | पूर्ण पता | |
| 3 | आधार न0 | |
| 4 | मोबाईल नम्बर | |
| 5 | पैन न0 | |
| 6 | जी0एस0टी0 न0 | |
| 7 | निविदा प्रपत्र की फीस | बैंक ड्राफ्ट सं/बैंक आर0टी0जी0एस0/एन0ई0एफ0टी0 ट्रांजिक्शन सं0/नगद<br>..................................................................................<br>दिनांकः..................................................................<br>बैंक का नामः..........................................................<br>शाखाः...................................................................... |
| 8 | धरोहर राशि | बैंक ड्राफ्ट सं/बैंक आर0टी0जी0एस0/एन0ई0एफ0टी0 ट्रांजिक्शन सं0<br>..................................................................................<br>दिनांकः..................................................................<br>बैंक का नामः..........................................................<br>शाखाः...................................................................... |

# निविदा हेतु फार्मेट–

**कार्य विवरण के अनुसार निविदा दरें प्रतिबांस के हिसाब से निम्न तालिका में दी जाय–**

| **क्र०सं०** | **कार्य का विवरण** | **निविदा दरें प्रति बांस के हिसाब से (धनराशि रू0 में)** |
|---|---|---|
| 1. | देहरादून वन प्रभाग के झांझरा रेंज के अन्तर्गत डूंगा कक्ष सं0–2 में *Dendrocalamus strictus* (लाठी बांस) बांसों की खड़ी नीलामी। | |
| 2 | देहरादून वन प्रभाग के झांझरा रेंज के अन्तर्गत डूंगा कक्ष सं0–2 में *Bambusa bambos* (कांटा बांस) तथा *Bambusa nutans* (चाय बांस) की खड़ी नीलामी। | |
| 3 | देहरादून वन प्रभाग के झांझरा रेंज के अन्तर्गत डूंगा कक्ष सं0–2 में *Dendrocalamus strictus* (लाठी बांस) कटाई, छटाई, साइजिंग तथा लॉग तैयार करना। | |
| 4 | देहरादून वन प्रभाग के झांझरा रेंज के अन्तर्गत डूंगा कक्ष सं0–2 में *Bambusa bambos* (कांटा बांस) तथा *Bambusa nutans* (चाय बांस) की कटाई, छटाई, साइजिंग तथा लॉग तैयार करना। | |
| 5 | लैन्सडाउन वन प्रभाग के कोटद्वार रेंज के अन्तर्गत सुखरौ बीट में *Bambusa bambos* (कांटा बांस) तथा *Bambusa nutans* (चाय बांस) *Bambusa balcoaa* (भलुका बांस) की कटाई, छटाई, साइजिंग तथा लॉग तैयार कर सी0एफ0सी0 परियाली तक ढुलान करना। | |
| 6 | लैन्सडाउन वन प्रभाग के कोटद्वार रेंज के अन्तर्गत सुखरौ बीट में *Dendrocalamus strictus* (लाठी बांस) की कटाई, छटाई, साइजिंग तथा लॉग तैयार कर सी0एफ0सी0 पनियाली तक ढुलान करना। | |

निविदादाता का नाम

हस्ताक्षर

मुहर (यदि हो)

दिनांक: